आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 07.03.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनिया भर में आशा की एक नई अलख जगाई।
- राजभवन में आज से तीन दिवसीय वसंतोत्सव शुरू, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने किया शुभारंभ।
- वन्यजीवों की घुसपैठ को रोकने के लिए प्रदेश में पहली बार थर्मल विजन ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।
- लालकुआँ और गुजरात के राजकोट के बीच आगामी 9 मार्च से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा।

<u>प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनिया भर में आशा की नई अलख जगाई है। नई दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक विकास को गति दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक और मोबाइल फोन निर्माता तथा तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में शीर्ष पांच देशों में शामिल है।

<u>राजभवन वसंतोत्सव</u>

राजभवन देहरादून में आज से तीन दिवसीय वंसतोत्सव शुरू हो गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने इसका शुभारंभ किया। पुष्प प्रदर्शनी आज शाम 6 बजे तक और 08 व 09 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। इस दौरान 15 विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और निर्णायक मंडल द्वारा चयनित विजेताओं को 9 मार्च को पुरस्कृत किया जाएगा। वसंतोत्सव में आईटीबीपी, आईएमए, पीएसी और होमगार्ड के बैंड आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल के निर्देशन में इस वर्ष वसंतोत्सव में कई नवीन पहल शुरू की गई हैं। उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा इस आयोजन में आने वाले लोगों की गणना एआई एप्लिकेशन के माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए राजभवन के मुख्य द्वार पर एआई इनेबल कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा फीडबैक सिस्टम के लिए क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे आगंतुक अपने सुझाव और अनुभव साझा कर सकते हैं।

जन औषधि दिवस

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आज जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य सभी को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। यह योजना नवंबर– 2008 में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जनता को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी। यह योजना बाजार की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाइयाँ उपलब्ध कराती है। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए केवल प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी गई दवाइयाँ भी प्रदान करती है। देश के सभी जिलों में अब 15 हजार से अधिक जन औषधि केन्द्र कार्यरत हैं और इस योजना ने स्वरोजगार के लिए एक आशाजनक अवसर पैदा किया है, जो स्थायी और नियमित आय प्रदान करता है।

ट्रैफिक लाइट/कैमरे

प्रदेश में शहरी विकास विभाग के अंतर्गत स्थापित ट्रैफिक लाइट और कैमरों का संचालन अब पुलिस विभाग द्वारा किया जाएगा। इस प्रस्ताव को शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल की मंजूरी मिल गई है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि आईटीडीए की ओर से पहले की तरह ही इन ट्रैफिक लाइट और कैमरा संचालन से संबंधित डेटा होस्टिंग की सुविधा अपने डाटा सेंटर के माध्यम से प्रदान की जाती रहेगी। इसके संचालन का व्यय का वहन भी आईटीडीए की ओर से ही किया जाएगा। गौरतलब है कि अब तक निकाय क्षेत्रों में लगे कैमरों का संचालन स्थानीय निकाय स्तर पर किया जाता था। लेकिन सुरक्षा, कानून–व्यवस्था को प्रभावी बनाने, चालान की प्रक्रिया और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने यह बदलाव किया है।

थर्मल विजन ड्रोन

आबादी क्षेत्र में आए दिन हो रही वन्यजीवों की घुसपैठ को रोकने के लिए राज्य वन विभाग ने पहली बार थर्मल विजन ड्रोन के इस्तेमाल का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य हरिद्वार जिले के आवासीय क्षेत्रों में हाथियों और तेंदुओं सहित अन्य जंगली जानवरों की बढ़ती घुसपैठ को रोकना है। विभाग का मानना है कि इससे मानव– वन्य जीव संघर्ष में कमी आएगी। डीएफओ वैभव कुमार ने बताया कि वर्तमान में राजाजी पार्क के वनकर्मी जिस ड्रॉन का उपयोग करते हैं, उसमें रात में देखने की क्षमता नहीं होती है। उन्होंने बताया कि थर्मल विजन ड्रोन जंगली जानवरों को रात में भी कुशलतापूर्वक ट्रैक करने में मदद करेंगे।

रेलगाड़ी का संचालन

नैनीताल जिले के लालकुआँ और गुजरात के राजकोट के बीच आगामी 9 मार्च से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। इसका संचालन आगामी अप्रैल माह तक जारी रहेगा। यह ट्रेन लालकुआँ से रविवार को अपराह्न एक बजकर दस मिनट पर चलेगी और अगले दिन शाम छह बजकर दस मिनट पर राजकोट पहुंचेगी। इस रेलगाड़ी में 10 सामान्य शयनयान और 6 वातानुकूलित शयनयानों सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

महिला सारथी योजना

प्रदेश सरकार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'महिला सारथी' योजना की शुरुआत करने जा रही है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में ऐसी महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा या परित्यक्ता हों।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग, महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण दे रहा है और उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। श्रीमती आर्या ने बताया कि पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में यह योजना 10 ई–स्कूटी और 2–2 ई–ऑटो रिक्शा व ई–टैक्सी कार के साथ शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले छह माह पायलेट प्रोजेक्ट का परिणाम देखने के बाद इसका विस्तार प्रदेश के अन्य शहरों में किया जाएगा। इन वाहनों के संचालन के लिए प्रोफेशनल मोबाइल एप बनाया गया है, जो करीब वैसा ही है जैसा ऑनलाइन वाहन बुक करने वाली कमर्शियल कंपनियों के एप में होता है। श्रीमती आर्या ने बताया कि वाहनों में महिला चालकों की सुरक्षा के मद्देनजर कई फीचर शामिल किए गये हैं। इन वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग नियमित रूप से होगी, ताकि महिला चालक या सवारी में से किसी को भी सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर तुरंत मदद मिल सके। इस योजना में पुलिस और परिवहन विभाग भी शामिल हैं।

सार्वजनिक पार्क

देहरादून स्थित राष्ट्रपति आशियाना परिसर की 132 एकड़ भूमि पर विश्व स्तरीय सार्वजनिक पार्क बनाया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 20 जून को इसकी आधारशिला रखेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आशियाना, आमजन के लिए खोला जाएगा। राष्ट्रपति के अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता की अध्यक्षता में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देहरादून में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी दी गई। इस पार्क की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पार्क का पूरा विकास होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा इस पार्क को वर्ष 2026 में उत्तराखंड की जनता को समर्पित किया जाएगा।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने देहरादून नगर निगम में निविदा प्रक्रिया में हुई धांधली की जांच अपर महानिदेशक विजिलेंस से करने और दो सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान देहरादून नगर निगम के अधिवक्ता को निर्देश दिया है कि वे उच्च न्यायालय के अब तक के आदेशों में दर्ज विभिन्न टिप्पणियों सहित सभी कागजात 7 मार्च की शाम 4 बजे तक अपर पुलिस महानिदेशक विजिलेंस को सौंपेंगे।